हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 5 जुलाई 2025

04 वनों के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा...



07 जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन...





### 10 साल की गांरटी, एक बरसात नहीं झेल पाई 30 करोड़ की लागत से बनी 24 किमी लंबी सीहोर से श्यामपुर तक सड़क

# एफडीआर तकनीक फेलः इस तकनीक से प्रदेश में नहीं बनेगी सड़क, एमपीआरडीसी ने लगाया बैन !

### 10 साल की थी गारंटी, साल भर में ही गड्ढों में हुई तब्दील, अब पैंचवर्क से चलाया जा रहा काम, वाहन चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एमपीआरडीसी द्वारा साल भर पहले सीहोर से श्यामपुर तक की अति महत्वपूर्ण सडक़ का निर्माण किया गया है। 24 किलोमीटर बनी इस सडक़ पर भारी भरकम 30 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। एमपीआरडीसी द्वारा इस सडक़ को वास्तविक पद्धति से न बनाते हुए प्रायोगिक एफडीआर तकनीक से बनाया गया। दावा किया गया था कि एफडीआर तकनीक से बनी यह सडक़ 10 साल तक चलेगी, लेकिन पहले ही साल में सडक़ गड्ढों में तब्दील हो गई हे। अब पैंचवर्क से काम चलाया जा रहा है। सीहोर में फैल हुई एफडीआर तकनीक को अब प्रदेश भर में बैन कर दिया गया है। एमपीआरडीसी अब इस तकनीक से कोई सडक़ नहीं बनाएगा।

बता दें सीहोर से श्यामपुर तक की महत्वपूर्ण सडक़ है। यह सडक़ जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 46 से मिलती है। इस सडक़ के माध्यम से शहरवासी कुरावर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, राजगढ़, गुना-ग्वालियर सहित राजस्थान जाने के लिए उपयोग करते हैं। महत्वपूर्ण सडक़ होने के चलते इस सडक़ का निर्माण किया गया है। वर्ष 2023 में यह सडक़ पूरी तरह बनकर तैयार हुई है। खास बात यह है कि इस सडक़ का निर्माण एफडीआर पद्धति से किया गया है। इस तकनीक से निर्मित हुई प्रदेश की यह पहली सडक़ है। एमपीआरडीसी ने इस सडक़ का निर्माण कराया था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते सडक़ ज्यादा दिन नहीं टिक पाई। सडक़ में गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।







#### 10 साल का दावा, साल भर में उखड़ी सड़क

सडक़ निर्माण के दौरान दावा किया गया था कि एफडीआर पद्धति (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन रिसाइकिलिंग) पद्धति है। इसमें बहुत ही कम संसाधनों में टिकाऊ सडक़ बनाई जा सकती है। इसमें कच्ची सडक़ को उखाड़ उसमें से निकलने वाले मटेरियल को प्लांट पर ले जाया जाता है। सडक़ के वेस्ट मटेरियल में केमिकल व आवश्यक सामग्री के साथ मिलाकर नया मटेरियल तैयार कर वापस से सडक़ पर डाला जाता है। यह सडक़ मजबूत और टिकाऊ होती है, जो 10 साल तक चलती है। हालांकि यह दावा साल भर में खोखला साबित हुआ और सडक़ पर साल भर में ही गड्ढे हो गए।

#### इस तकनीक से सड़क नहीं बनाएंगे

सीहोर से श्यामपुर तक सड़क एफडीआर तकनीक से प्रायोगिक तौर पर बनाई गई थी। प्रयोग फेल रहा अब आगे इस तकनीक से सड़कें नहीं बनाई जा रही हैं। इस सड़क पर पेंचवर्क का काम सतत जारी है।

**सोनल सिन्हा,** जीएम एमपीआरडीसी

#### सीहोर में ही क्यों प्रयोग की गई तकनीक?

शिक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि सीहोर से श्यामपुर तक की सड़क अति महत्वपूर्ण है। इस सड़क से सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर तीन दर्जन से अधिक यात्री बसों का संचालन होता है। अब सड़क में फिर से गड्ढे हो गए हैं, जिससे हादसों का डर बना रहता है। इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण में ही इस तकनीक का प्रयोग क्यों किया गया।

#### व्यापार प्रभावित हुआ था

दुकानदार सुनील सिसोदिया ने बताया कि सड़क के निर्माण के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। निर्माण की वजह से धूल मट्टी की वजह से असुविधा हुई थी तो निर्माण के दौरान व्यापार पूरी तरह से चौपट था। फिर धीरज रखा था कि कुछ दिन की परेशानी हैं, सड़क निर्माण के बाद सुविधा होगी, लेकिन सड़क फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई है, यह जिम्मेदारों की लापरवाही है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अंबेडकर आईटीआई में प्रवेश पंजीयन प्रांरभ

**सीहोर।** शासकीय डॉ.अम्बेडकर महिला आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश सत्र 2025-26 के लिए इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर से अथवा ऑनलाईन सहायत्ता केन्द्रों से प्रवेश पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रांरभ कर दिया गया है। डॉ अम्बेडकर शास. महिला ओ. प्रशि संस्था के प्राचार्य पी.एस. उइके ने जानकारी दी कि आईटीआई में प्रथम सूची के आवेदकों को प्रवेश दिया जा रहा है। इच्छुक आवेदक अपना पंजीयन एमपीऑन लाईन के कियोस्क सेन्टर में जाकर अथवा शास. आईटीआई सीहोर में आकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। आवेदकों के लिए नवीन रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार। इच्छित सस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकत्ता कम का चयन करना, इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के कम में च्वाईस फिलिंग लॉक करने के पूर्व तक त्रुटि सुधार 05 से 11 जुलाई तक, कॉमन रैंक आवेदकों के लॉगिन पर 12 जुलाई तक प्रदर्शित की जावेगी। कॉमन रैंक में यदि प्राप्तांकों में त्रुटि हो तो सुधार के लिए आवेदकों द्वारा पर्पोर्टल पर स्वय के लॉगिन पर जाकर एडिट त्रुटि सुधार 12 एवं 13 जुलाई तक किया जा सकेगा। तृतीय चयन सूची 17 जुलाई को जारी करना है। तृतीय सूची के आवेदकों का प्रवेश आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्बा/आबंटित संस्था में उपस्थित्ति, मूल दस्तावेजों का सत्यापन 17 से 19 जुलाई तक किया जावेगा एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण् किया जाना है।

### ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई 2025 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी के आधार नम्बर से मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता (एनपीसीआई) लिंक होना अनिवार्य है।

## जिले में अब तक 223.3 मिलीमीटर औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 1.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 3.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 3, रेहटी में 3.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 4 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 223.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 162.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 4 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 199.7, मिलीमीटर, श्यामपुर में 197.7, आष्टा में 159, जावर में 92, इछावर में 207.3, भैरूंदा में 249, बुधनी में 361 तथा रेहटी में 320.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



### गुरु पूर्णिमा पर्व 10 जुलाई को

**सीहोर।** गुरु पूर्णिमा भारत की एक महान सांस्कृतिक परंपरा है, जो गुरु-शिष्य संबंध को आदर और श्रद्धा के साथ मनाने का पर्व है। गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा 10 जुलाई, 2025 को गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है।

संचालक, संस्कृति ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्कृति विभाग के प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित संगीत महाविद्यालयों में एक साथ गायन-वादन एवं नृत्य केन्द्रित आयोजन होंगे। इसमें सबसे पहले सितार-संतूर जुगलबंदी की प्रस्तुति होगी।

## 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेंगे श्रद्धालु बाबा को मां सीवन का जल करेंगे अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबरेश्वर धाम में सावन महीने का कावड़ मेला 10 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। बाबा कुबेर भंडारी के इस धाम में शिव भक्त मां सीवन नदी का जल चढ़ाते हैं।

पंडित प्रदीप मिश्रा के अनुसार, भक्त मां सीवन नदी से जल भरकर 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं। वे कुबरेश्वर धाम पहुंचकर बाबा को जल चढ़ाते हैं। ये कावड़ यात्रा विश्व में अपनी तरह की अनूठी मानी जाती है।

**प्रदोष के दिन बाबा को जल चढ़ाया जाएगा :** इस साल प्रदोष की विशेष कावड़ यात्रा 6 अगस्त को सुबह 9 बजे मां सीवन घाट से शुरू होगी। पंडित मिश्रा के नेतृत्व में भक्त कुबरेश्वर धाम तक यात्रा करेंगे। प्रदोष के दिन विशेष पूजन के साथ बाबा को जल चढ़ाया जाएगा।

#### भक्त करते हैं कंकर-शंकर पूजन

भक्तों की मान्यता है कि बाबा कुबेर भंडारी की कावड़ सभी कष्टों को दूर करती है। यहां भक्त कंकर शंकर पूजन भी करते हैं। पंडित मिश्रा ने सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार मेले में आने का निमंत्रण दिया है।

## स्मार्ट तरीके से जनता की खून-पसीने की कमाई को लूटेंगे स्मार्ट मीटरः निशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




स्मार्ट मीटर जनता की खून पसीनो की गाड़ी कमाई को स्मार्ट तरीके से लूटने के लिए जबरदस्ती लगाए जा रहे हैं । जनता की जेब काटने के लिए विरोध के बावजूद स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है, और जनता को डराने के लिए बंदूक भी दिखा रहे है, कांग्रेस कार्याकर्ता जनता का अपमान सहन नहीं करेंगे और जनहित के मुददों को लेकर बेखौफ होकर आवाज उठाते रहेंगे उक्त शुक्रवार को कोतवाली चौराहा पर शहर ब्लाक कांग्रेस के द्वारा स्मार्ट मीटर के विरोध में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहीं।

शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर खपत से अधिक रिडिंग दे रहे हैं, अघोषित बिजली कटोती के दौरान भी स्मार्ट मीटर रिड्डूषडंग बना रहे है। बिजली के बिलों की राशि भारी मात्रा में बढ़ाकर दी जा रही है, समय पर मीटर की रिडिंग नही ली जा रही है। बिल तक समय पर नही दिये जा रहे हैं, विद्युत मण्डल की इसी प्रकार की कई अनीयमित्ताओं और मनमानी के कारण नागरिकों में काफी आक्रोष बना हुआ है। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विद्युत मण्डल द्वारा नागरिकों को जबरिया भारी भरकम बिजली के बिल थमाए जा रहे है। नागरिकों के विरोध के बाद भी जबरदस्ती घरों दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है जिससे अनेक स्थानों पर लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन रही है अब नागरिकों को डराने चमकाने के लिए बंदूकधारियों के साथ ठेकेदार के कर्मचारी मोहल्लों में पहुंच रहे है। जिससे शहर का माहौल खराब होने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है। कोतवाली चौराहा पर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेता कार्याकर्ता शहर के मोहल्लें में पहुंचे और जबरदस्ती स्मार्ट मीटर घरों की दीवारों पर लगा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों और बंदूकधारी सुरक्षा गार्डो का गांधीगिरी करते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत कर स्मार्ट मीटर लगाने बंद करने की चेतवानी दी गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्याकर्ताओं के द्वारा इंग्लिशपुरा रोड क्षेत्र के मकान मालिकों से भी चर्चा की गई। दुकानदारों ने बताया की जबरदस्ती तंग करने के लिए नगर पालिका के द्वारा टू लेन रोड बनाने के लिए मकानों दुकानों को तोड़ा जा रहा है जबकी यह हमारी निजी जमीन है।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव मध्यप्रदेश कांग्रेस महासचिव शैलेन्द्र पटेल अखिल कांग्रेस कमेटी सदस्य हरपाल ठाकुर महिला जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुकमणि रोहिला विष्णु प्रसाद राठौर ओम वर्मा राजाराम बड़े भाई गणेश तिवारी प्रीतम दयाल चौरसिया ब्रजेश पटेल, रमेश गुप्ता धर्मेंद्र ठाकुर ओम बाबा राठौर राजेंद्र ठाकुर सीताराम भारती रघुवीर दांगी हैदर यार विनोद राठौर जयंत शाह विवेक राठौर कपिल उपाध्याय मजीद अंसारी आशीष गेहलोद डॉ मारुति राय घनश्याम यादव हर्षदीप राठौर ममता शर्मा राकेश वर्मा भूरा यादव पवन राठौर आशीष रोहिला ब्रजेश पटेल भगत तोमर मुकेश ठाकुर के के रिछारिया तारा यादव पंकज शर्मा चीनू राठौर कमल सूर्यवंशी गुलाब वर्मा सुरेश ठाकुर रहीस खान बने सिंह चंद्रवंशी देवेंद्र चौधरी ,मनोज पटेल कमलेश चांडक राज कौशल विवेक टांक ओम सोनी शामिल रहे संचालन सुनील दुबे आभार डॉ अनीश खान ने व्यक्ति किया। प्रदर्शन में संख्या में कांग्रेस नेता कार्याकर्ता शामिल रहे।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

# जिले के 2752 प्रतिभावान विद्यार्थियों के खाते में मुख्यमंत्री ने अंतरित की लैपटॉप के लिए राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 94,234 प्रतिभावन विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए 235 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

उन्होंने सीहोर जिले के 2752 विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप क्रय करने के लिए 06 करोड़ 88 लाख रुपए की राशि अंतरित की। लैपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में जिले की 1707 छात्राएं और 1045 छात्र शामिल हैं। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सीहोर स्थित आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और कलेक्टर बालागुरू के. सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लैपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले एवं जिले की मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावन विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।



इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मेवाड़ा, विधायक श्री राय, नपा अध्यक्ष श्री राठौर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य कर रही है। सरकार द्वारा विद्यार्थियों को लैपटॉप की सहायता देने का प्रमुख उद्देश्य है कि हमारे विद्यार्थी अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और संसाधनों के अभाव में उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए। हमारे विद्यार्थियों को यदि अच्छी शिक्षा मिले तो वे निश्चित ही आगे चलकर एक विकसित राष्ट्र का निर्माण करते हैं। उन्होंने लैपटॉप की राशि के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पर इंजीनियर ने लगाया मारपीट का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला पंचायत भवन मे जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सुरेंद्र सिंह मेवाडा ने जनपद पंचायत के इंजीनियर को हाथ पकड़ कर मोडा और थप्पड़ मारने के आरोप का मामला सामने आया है। इस को लेकर शुक्रवार को जिले के सभी जनपद पंजायत के अधिकारी और कर्मचारी, इंजीनियर के साथ मनरेगा के अधिकारी और आरईएस सहित स्टाफ ने सीहोर कलेक्ट्रट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर आनंद राजावत को ज्ञापन दिया। कहा की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के ऊपर एफआइआर होना चाहिए।

अगर एफआइआर नहीं हुई तो हमारा संगठन मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेगा। साथ ही जिले के सभी इंजीनियर और उनके साथियों ने गुंडागर्दी के नारे लगाए और कहा कि ऐसी गुंडागर्दी नही चलेगी। सीहोर कलेक्टर बालागुरु के. सें भी मामले को लेकर इंजिनियर मिले। उन्होंने भी आश्वासन दिया है कि मेरे संज्ञान में यह मामला आया हे। मैं इसकी निष्पक्षता से जांच कराऊंगा जो भी दोषी होगा उसके ऊपर नियम अनुसार कारवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### दिव्यांगजनों के अभिभावकों को किया गया जागरूक

**सीहोर।** सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में वसुंधरा वैलफेयर फाउंडेशन द्वारा बढ़ते कदम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के अविभावकों को राष्ट्रीय न्यास अधिनियम एवं दिव्यांगजनों के संचालित की जाने वाली योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ ले सकें। कार्यक्रम में निदेशक अखिलेश शुक्ला, महेश यादव, डॉ आशुतोष दीक्षित एवं संस्था संचालक अर्जुन सिंह सहित दिव्यांगजन और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

### निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 9 जुलाई तक

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आकांक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु जेईई, नीट और क्लेट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए वर्तमान सत्र में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजातीय वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 09 जुलाई 2025 बढ़ाई गई है। जनजातीय वर्ग के 10वी पास पात्र विद्यार्थी एमपीटास पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### वन चौकी से चार दो पहिया वाहन गायब

**बुधनी।**बांसापुर स्थित वन चौकी से विभाग द्वारा जब्त किए गए चार दो पहिया वाहन नदारद हैं इस मामले की सूचना वन विभाग की एसडीओ सुकृति ओसवाल ने पुलिस को लिखित रूप में दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना विगत 23और24जून की मध्य रात्रि की बताई जा रही है एक कर्मचारी ने अधिकारियों को बताया कि जब्ती के वाहनों में से चार दो पहिया वाहन गायब हैं इसे लेकर एसडीओ सुकृति ओसवाल ने पुलिस को सूचना दी है।

### पंजीयन के लिए आज अंतिम दिवस शीध्र पंजीयन कराएं

**सीहोर।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग का पंजीयन 05 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। जिन किसानों ने मूंग बुवाई की है वे ई-उपार्जन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, एमपी ऑनलाइन, कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्रो, साइबर कैफे आदि स्थानों पर जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है। सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नम्बर, वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान उनके आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में सीधे किया जाएगा। सभी किसान अपने आधार नम्बर से बैंक खाता तथा मोबाईल नम्बर लिंक कराकर उसे अपडेट रखें ताकि भविष्य में असुविधा न हो।

## वनों को बचाएं या नौकरी बचाएं: वन विभाग के अधिकारी बोले अतिक्रमण हटाने पर हो रहे झूठे मुकदमे दर्ज

# वनों के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा, खिवनी अभ्यारण्य की कई हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण !

लोगों को जंगल में जहां जगह दिखाई दे रही है वहीं अवैध कब्जा कर झोपड़ी बनाने एवं उसे खेतों में तब्दील करने में जुटे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर शासन द्वारा भले ही लाख दावे किए जा रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत इनके विपरीत है। जिले में वन अपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। आलम यह है कि जंगल में जहां पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई की जा रही है, वहीं वन भूमि पर अतिक्रमण की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही है । इससे जंगल का दायरा सिमट रहा है। आलम यह है कि अतिक्रमणकारियों को जंगल में जहां भी जगह दिखाई दे रही है, वहीं अवैध कब्जा कर उसे खेतों में तब्दील कर रहे है। वनों का स्वरूप पठार और खेतों में खोता जा रहा है। ऐसे में वन्य जीवों के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है। यह सब वन अपराध विभाग के सामने हो रहा है , लेकिन इसके बावजूद वन अमला आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने में स्वयं को बेबस और असहाय महसूस कर रहा है। दरअसल इसका कारण अतिक्रमणकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होना बताया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि खिवनी अभयारण्य के रिजर्व क्षेत्र में भी कई हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण की चपेट में। इतना ही नहीं पिछले दिनों कुछ महिलाएं संेचुरी के कम्पार्टमेन्ट 262 में वनकर्मियों के सामने ही पेड़, पौधों को काटकर उक्त भूमि पर कब्जा करने के लिए उसे साफ करते हुए दिखाई दी । इस घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर भी वाइरल है , जिसमें वनकर्मी बेबस और लाचार दिखाई दे रहे है। वनकर्मियों को यह समझ नहीं आ रहा है कि जंगल बचाएं या फिर नोकरी।इछावर वन परिक्षेत्र एवं खिवनी अभयारण्य में इस समय अतिक्रमण की बाड़ आई हुई है। लोगों को जंगल में जहां जगह दिखाई दे रही है वहीं अवैध कब्जा कर झोपड़ी बनाने एवं उसे खेतों में तब्दील करने में जुटे है। दरअसल इन घटनाओं में वृद्धि के पीछे का मुख्य कारण कहीं न कहीं वोट की राजनीति शामिल है। वर्तमान में कई हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण की चपेट में है जबकि यह घटनाएं लगातार जारी है। इस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर हरे-भरे पेड़, पौधों को काटा जा रहा है। स्थिति यह है कि पेड़ों की अवैध कटाई से जंगल पठार अथवा खेतों में तब्दील हो रहें है। वनों का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है। इससे वन्य प्राणियों के जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी , कर्मचारी इन अपराधों पर रोक लगाने में खुद को असहाय महसूस कर रहे है।

### जंगल बचाएं या नौकरी

वन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पिछले दिनों वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पर वरिष्ठ अधिकारी को नेताओं के कौप का शिकार होना पड़ा था। इसके अलावा एक वनकर्मी के खिलाफ थाने में झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। यह सब वोट की राजनीति के चलते हो रहा है। ऐसे में वन अमले को समझ नहीं आ रहा है कि वनों को बचाएं या अपनी नौकरी।

**गांव में पक्के आवास फिर भी सेंचुरी में बना रहे झोपड़ी** :जानकारी के अनुसार हालही में अभयारण्य अमले द्वारा जिन 51 अतिक्रमणकारी परिवारों की झोपड़ी तोड़कर उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई है , उनमें से अधिकांश के पास पटरानी पंचायत के सिवनी खुर्द गांव में पक्के आवास बने हुए है। लेकिन इसके बावजूद वह खुद को आवास विहीन बताकर जंगल में अवैध तरीके से झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। अधिकारियों के अनुसार यह लोग पहले झोपड़ी बनाते है फिर आसपास क्षेत्र के पेड़ पौधों को नष्ट कर भूमि को खेतों में तब्दील कर लेते है। उन्होंने कहा कि जंगल से हटाएं गये सभी परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। गांव में सबके पक्के मकान है। ऐसे में यह आरोप की बारिश के मौसम में इन्हें बेघर कर दिया यह निराधार है।

### अभयारण्य की 147 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण

खिवनी अभयारण्य की करीब 147 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण की चपेट में है। इसमें मुख्य रूप से कम्पार्टमेन्ट 209 , 203 , 215 आदि शामिल है। रेंजर भीम सिंह सिसौदिया का कहना है कि हालही में 87 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने में कुछ परेशानी हो रही है, लेकिन इसके बावजूद अभयारण्य अमला वन अपराधों पर अंकुश लगाने में हर संभव प्रयास कर रहा है।



## पीड़ित छात्रा से मिले विक्रम मस्ताल, न्याय का दिलाया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल में दसवीं की छात्रा को परीक्षा से वंचित किए जाने के मामले में कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने पीड़ित छात्रा और उसके माता-पिता से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा देवशिखा चौधरी के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन ने उसे पूरक परीक्षा में बैठने के लिए फॉर्म नहीं भरने दिया जिससे वह परीक्षा नहीं दे पाई। हालांकि इस मामले में एक जांच कमेटी बनाई गई थी और जांच में स्कूल प्रबंधन को क्लीन चिट दे दी गई है इसी मामले को लेकर कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने बताया कि उन्होंने बच्ची और उसके माता-पिता से बात की है बच्ची के पिता नरेंद्र कुमार चौधरी ने उन्हें बताया कि स्कूल प्रबंधन ने जानबूझकर उनकी बच्चियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है उन्होंने कहा कि बाबा के राजनीतिक रसूख के चलते अधिकारी स्कूल प्रबंधन के सामने नतमस्तक हो गए हम बच्ची के परिवार के साथ खड़े हुए हैं और उन्हें न्याय दिलवा कर रहेंगे।

### स्मृति में स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण व पौधरोपण होगा

**सीहोर।** शनिवार को हैदराबाद राज्य आर्य सत्याग्रह व भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, पूर्व भोपाल राज्य विधानसभा सचेतक,जिला कांग्रेस अध्यक्ष भोपाल राज्य की प्रथम आर्य कन्याशाला संस्थापक,जिले की पत्रकारिता के पितृपुरूष गांधीवादी स्व.हरिकृष्णसिंह मंत्री की 42 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा से याद किया जायेगा।परम्परा अनुसार प्रातः11बजे शा.मा. शाला नई चंदेरी में स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर,शाला प्रांगण में समृति में पौधरोपण किया जायेगा। दोपहर .12.30 बजे पावरहाउस चौराहा स्थित पूर्णिमा औषधालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया है। मंत्रीजी के परिजन पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने उक्त आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण



**बुधनी।** शुक्रवार को राजधानी स्थित मिंटो हाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि प्रदाय योजना को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के सीधा प्रसारण भी किया गया स्थानीय स्तर पर पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बीईओ शशि सिंह की अध्यक्षता और कन्या शाला के प्राचार्य ओपी यादव के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय,मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, नप उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा,सतीश गुप्ता, पार्षद रजनी हरदयाल सिंह आजाद,धीरेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे इस मौके पर सांदीपनि विद्यालय के उप प्राचार्य सुरेंद्र सिंह जवालिया ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर और उनकी कड़ी मेहनत को लेकर शुभकामनाएं दी लैपटॉप राशि वितरण का कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का जसपाल सिंह अरोरा ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सीहोर के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने अपने मित्र मंडल एवं समर्थकों के साथ उनकी भव्य अगवानी की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल देर शाम सीहोर पहुंचे थे। इस दौरान श्री अरोरा ने श्री खंडेलवाल का फूलमाला पहनाकर एवं श्रीराम दरबार भेंटकर स्वागत व सम्मान भी किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भी स्वागत से अभिभूत नजर आए और उन्होंने श्री अरोरा एवं उनके मित्र मंडल व समर्थकों का आभार भी प्रकट किया। श्री अरोरा ने बताया कि प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार नगर आगमन हुआ। वे महाकाल के दर्शन करने उज्जैन भी पहुंचे थे और इसके बाद उन्होंने सिद्धपुर की नगरी सीहोर में भी कार्यकर्ताओं से भेंट की और सभी का आभार प्रकट किया। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि भाजपा एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ताओं को उनका सम्मान और अधिकार मिलता है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बनता है तो किसान का बेटा मुख्यमंत्री बनता है। अब पार्टी नेतृत्व ने हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी है और उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नया इतिहास भी बनाएगी। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई शुभकामनाएं भी प्रेषित की। इससे पहले श्री अरोरा ने भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी पहुंचकर हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात करके उन्हें बधाई, शुभकामनाएं दी थीं।

## यूरिया की किल्लतः यूरिया खाद को तरसे किसान, भूखे-प्यासे अपनी बारी के इंतजार में घंटों लाइन में रहते हैं खड़े



**भैरुंदा।** यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशानः बोले- घंटों लाइन में लगते हैं फिर भी खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है, समय पर फसल को खाद नहीं मिला तो नष्ट हों जाएंगी।

भैरूंदा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के ग्रह जिले की तहसील भैरूंदा में यूरिया की किल्लत ने किसान सुबह से शाम तक घंटो लाइन में खड़े होने को मजबूर है। यूरिया खाद की बोरी लेने घंटों लाइन में खड़े होकर किसानो को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा रहा है। तो वहीं सुबह से शाम तक भूखे प्यासे यूरिया खाद मिलने की आश लगाए खड़े होने को मजबूर है।

**सुबह से शाम तक लगे लाइन में, फिर भी निराशा :** किसानों ने बताया कि वे सुबह से लेकर शाम तक लाइन में खड़े रहें लेकिन शाम होते-होते खाली हाथ लौटना पड़ा है। किसानों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यूरिया खाद की किल्लत के चलते उनकी मक्का, सोयाबीन सहित अन्य फसलें नष्ट होने पर है समय से खाद का छिड़काव नहीं किया तो मक्का की फ़सल नष्ट हों जाएंगी।

**एक दिन में खत्म हुई यूरिया, किसान लौटे खाली हाथ :** शुक्रवार को किसान विपणन समिति मार्या भैरूंदा में हाल ही में 1हज़ार बोरी यूरिया खाद आई थी, जो महज एक दिन में खत्म हो गई। सहाकारी समितियों में भी अब हालात यह हैं, कि किसान समितियों का चक्कर लगाकर खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। वहीं समितियों पर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे किसानो की मक्का, धान सहित अन्य फसलों की को नुकसान होंगा।

## जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर सीहोर जनपद पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान के सदस्यों द्वारा परिषद की संरचना, कार्यप्रणाली, योजनाएँ एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष मोहन नागर के उद्बोधन एवं परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की लघु फिल्म भी दिखाई गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि जन अभियान परिषद समुदाय में स्वैच्छिकता के भाव को प्रोत्साहन देने के लिए जन सहभागिता से शासकीय योजनाओं के लाभ को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सभी को स्वैच्छिकता की शपथ दिलायी गयी और पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में कार्यप्रमुख लखन विश्वकर्मा, जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय, विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, बीलू भिलवारे, भगवतशरण लोधी, इंदर सिंह निकुम, सीमा व्यास सहित विद्यार्थी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### विधायक सुदेश राय ने किया नए तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण

# किसानों को मिलेंगी और भी सुविधाएं तकनीक से लेस है नया तहसील भवनः सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पुरानी कलेक्ट्रेट के पीछे बनकर तैयार हुए नये तहसील भवन का गुरूवार को विधायक सुदेश राय ने निरीक्षण किया। नवीन तहसील कार्यालय पहुंचने पर विधायक सुदेश राय को गुलदस्ता भेंटकर एसडीएम तंमय वर्मा और तहसीलदार भारत नायक ने स्वागत किया। निरीक्षण कर विधायक सुदेश राय ने अधिकारियों को बेहतर जनसेवा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नवीन तहसील कार्यालय को लेकर तहसीलदार भारत नायक ने बताया कि आधुनिक तकनीक से भवन को तैयार किया गया है। भवन में राजस्व संबंधित कार्य के संपादन के लिए सभी जरूरी सुविधाऐं और तहसील कार्यालय आने वाले किसानों विशिष्ठजनों के बैठने की व्यवस्थाऐं की गई है। पुराने भवन में सभी अधिकारियों कर्मचारियों को कार्य संपादन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। निरीक्षण उपरांत सुदेश राय ने कहा कि जन मानस को अच्छा सरल और तवतरित कार्य शेली उपलब्ध कराना ही सरकार का संकल्प है। किसानों को और भी अब अच्छी सुविधाऐं मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान समस्त नायब तहसीलदार कार्यालय के कर्मचारी गणमाननीय नागरिक मौजूद रहे।

## एक तरफा मुकाबले में डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर चिल्ड्रन को 4-2 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही बेबी सुपर लीग फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार की शाम को एक मैच खेला गया। इसके अलावा यहां पर जारी निशुक्ल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। इस दौरान खेल एवं युवक कल्याण विभाग की अधिकारी रुबिना दीवान ने सीनियर खिलाड़ियों से भेंट की। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, कोच विपिन पवार आदि शामिल थे।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को खेले गए इस मुकाबले में डीएसवायडब्ल्यू टीम और सीहोर चिल्ड्रन हाफ तक 2-2 की बराबरी पर थे, लेकिन अंतिम समय में डीएसवायडब्ल्यू के खिलाड़ियों ने सबसे मजबूत टीम सीहोर चिल्ड्रन को 4-2 से हराया। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओरसे यूवी-पूर्वांश ने 1-1 गोल किया था। वहीं डीएसवायडब्ल्यू की ओर से विनायक ने 2 गोल और वंश-तरुण ने 1-1 गोल किया। मैदान पर मौजूद दीवान ने यहां पर तीन बार नेशनल टीम में सीहोर का नाम रोशन करने वाली मुस्कान मांझी, माया गौर, प्रांजली वर्मा अश्विनी गौर आदि से भेंट की।

ब्यावरा और सुठालिया की 3 दर्जन से अधिक दुकानों से राशन गायब, जेएसओ के पास जवाब नहीं

# जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन गेहूं-चावल दुकानों से हुआ 'मूव'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले को छोड़कर अकेले ब्यावरा और सुठालिया की राषन दुकानों से पिछले 4 महीनों के अंदर कई टन चावल व गेहूं मूव गायब कर दिया गया। जब इसकी जानकारी के लेने के लिए ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर को फोन लगाया गया तो उन्होने फोन उठाना उचित नहीं समझा शायद इस मामले के प्रकाशित होने की खबर उन तक पहुंच गई थी। इसके बाद जब जिला आपूर्ति अधिकारी से जब इसके बारे में पूछा गया तो वह इसके बारे में अनजान दिखे और ब्यावरा जेएसओं से बात करने की बात कही। इसके बाद भी जेएसओ स्वाती ने अधिकारी की बात भी नहीं मानी और उत्तर नहीं दिया। जिला आपूर्ति अधिकारी से पुनः बात कर मामले को जानना चाहा तो वह ऑफिस में आने का बोलते नजर आए कि यहीं आकर समझ पाएंगे। परंतु राषन मूव होने पर उनका कोई उत्तर नहीं था इससे समझा जा सकता है कि अधिकारियों की मिली भगत से राषन को मूव कर दिया गया है और अधिकारियों के पास इसका कोई ठोस कारण नहीं है जो मीडिया को बताया जा सके। हरिभूमि की राषन चारों के खिलाफ यह मुहीम लगातार जारी रहेगी। अभी 6 राषन दुकानों की जानकारी प्रकाषित की जा रही है जिसमें सैकडों क्विंटल गेंहू, चावल के साथ साथ नमक, मूंग और चीनी तक गायब कर दिया गया है।



### हमने टीम बनाई है

हमने टीम बनाई है जिसमें राजस्व,सहकारिता और खाद्य विभाग शामिल है परंतु जिन दुकानों से राशन मूव किया गया है वहां पर कभी टीम नहीं पहुंची है ऐसा भी सूत्र बताते हैं।

**अजीत सिंह**, जिला आपूर्ति अधिकारी, राजगढ़

### एसडीएम ब्यावरा को पता ही नहीं की टीम कब बनी

आपूर्ति विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि राजस्व विभाग के अधिकारी एसडीएम ब्यावरा गीतांजली शर्मा को पता ही नहीं कि कब टीम बनी है और उनका इसमें क्या योगदान रहने वाला है। इससे पूरे मामले के घोलमाल को समझा जा सकता है।

### एक नजर 6 राशन दुकानों पर जिनसे गायब हुआ राशन

हरिभूमि की राशन माफिया के खिलाफ यह मुहिम जारी रहेगी और आने वाले दिनों में अन्य दुकानों का भी प्रकाशन किया जावेगा।

| दुकान नं | माह | राशन | मूव गायब |
|---|---|---|---|
| 3204052 | मई | फोर्टीफाइड राइस आईसीडीएस | 639.14 |
| | | साल्ट | 86.34 |
| | | गेंहू | 2077.3 |
| | | फोर्टीफाइड राइस पीडीएस | 1169.00 |
| | | साल्ट पीडीएस | 24.00 |
| | | मूंग | 65.00 |
| | | चीनी पीडीएस | 32.00 |
| | | गेंह पीडीएस | 1864.00 |
| **3204060** | **मई** | **फोर्टीफाइड राइस आईसीडीएस** | **3643.36 किग्रा** |
| | | गेहूं | 12879.99 किग्रा |
| | | गेंहूं ट्रायवल अफेयर्स | 041.00 किग्रा |
| | | फोर्टीफाइड राइस पीडीएस | 9344.00 किग्रा |
| | | मूंग | 295.00 |
| | | गेंहू पीडीएस | 7815.00 |
| **3204062** | **मई** | **फोर्टीफाइड राइस पीडीएस** | **2000.00 किग्रा** |
| | | साल्ट | 400.00 |
| | | मूंग | 40.00 |
| | | गेंहू | 2700.00 |
| **3204063** | **जून** | **फोर्टीफाइड राइस ;एमडीएम** | **314.07 किग्रा** |
| | | गेंहू एमडीएम | 1756 58 |
| | | फोर्टीफाइड राइस ;पीडीएस | 10655 00 |
| | | साल्ट ;पीडीएस | 101.00 |
| | | मूंग ;पीडीएस | 335.00 |
| | | चीनी;पीडीएस | 18.00 |
| | | गेंहू ;पीडीएस | 10416.00 |
| **3204065** | **मई** | **फोर्टीफाइड राइस ;पीडीएस** | **8458 00** |
| | | मूंग ;पीडीएस | 410 00 |
| | | चीनी;पीडीएस | 15 |
| | | गेंहू ;पीडीएस | 6645.00 |
| **3204067** | **जून** | **ग्रेन पीडीएस** | **200.00** |
| | | साल्ट | 810.00 |
| | | चीनी | 42.00 |
| | | गेंहूं | 9771.00 |

चतुर्भुज नाथ मंदिर का मामला

## मंदिर में हरा झंडा लगाने पर युवकों में विवाद, 4 को भेजा जेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मोहर्रम का त्योहार नजदीक है एवं मुस्लिमजनों द्वारा ताजियों का निर्माण, सवारियां इत्यादि हेतु स्थान-स्थान पर धर्म से संबंधित हरे झंडे आदि लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार रात्रि मुख्यालय के किला क्षेत्र स्थित चतुर्भुज नाथ मंदिर पर हरा झंडा लगा रहे युवक से एक अन्य युवक का विवाद हो गया। इस विवाद की बीच दोनों पक्षों के कुछ और युवक भी आ गए और लड़ाई, मारपीट की नौबत आ गई। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को सम्हाला और आसपास के सीसीटीवी व अन्य कैमरा फुटेज से दोषियों की पहचान कर मामले में क्रॉस प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए चार लोगों को गुरुवार सुबह जेल भेज दिया गया।

### क्या था पूरा मामला

बुधवार रात्रि किला क्षेत्र में अख्तर एवं शीबू नाम के युवक विभिन्न स्थानों पर हरे झंडे लगा रहे थे। इस दौरान वे चतुर्भुज नाथ मंदिर के कोने पर भी हरा झंडा लगाने लगाने लगे तो नन्नू उर्फ पंकज एवं आनंद ने ऐसा करने से मना किया कि मंदिर पर यह झंडा मत लगाओ। इस बात पर दोनों पक्षों में गाली-गलौच, धक्का-मुक्की होने लगी जिसने बाद में मारपीट का रूप ले लिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस चारों युवकों को थाने लेकर आई। बाद में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य वीडियो देखने के बाद दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज करते हुए चारों युवकों को जेल भेज दिया। वहीं, गुरुवार सुबह भी एक अन्य युवक को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया।

## यातायात को करते बाधित मेन रोड पर खड़ी कर देते प्राइवेट यात्री बसें

### जाम के साथ-साथ दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता

**छापीहेड़ा।** छापीहेड़ा बस स्टैंड की दुर्दशा बस वालों की मनमानी जगह होने के बावजूद भी प्राइवेट यात्री बस वाले मेंन रोड पर ही गाड़ी खड़ी कर सवारी उतारते चढ़ाते हैं ऐसी स्थिति में र्घटना के साथ-साथ एक्सीडेंट होने की संभावना यथावत बनी रहती है लेकिन उससे भी बड़ी बात तो यह है कि बस स्टैंड पर पुलिस चैकी होने के बावजूद भी उस पर ना तो पुलिस जवान की तैनाती है नाही ऐसी स्थिति में बस स्टैंड पर यातायात को संभालने के लिए कोई पुलिस के जवान की तैनाती है गर समय रहते यात्री बसों को बस स्टैंड के अंदर खड़ी करना प्रारंभ कर सवारी उतरता चढ़ना नियम लागू नहीं होगा तब तक ऐसे ही यातायात बाधित होता रहेगा फिर चाहे 108 एंबुलेंस मरीज को ले जा रही हो या फिर कोई अर्जेंट कार्य के लिए इस रोड से जाना पड़े तो कभी भी अचानक जाम में फंस सकते हैं ऐसी स्थिति में समय रहते रोड किनारे लगे हाथ ठेलो का हटाना भी बहुत अत्यंत जरूरी हो गया है।

विनय दीक्षित नाम का युवक निस्वार्थ दे रहा है सेवाएं

## स्नेक केचर को नपा में भर्ती करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



शहर निवासी विनय दीक्षित नाम का युवक अर्से से नगर के कईं घरों व अन्य क्षेत्रों से जहरीले जंतुओं जैसे सर्प, गोहरा आदि को पकड़ने में सिद्धहस्त है। विनय उर्फ वीनू द्वारा कईं महीनों से यह कार्य निस्वार्थ रूप से किया जा रहा है। इसी बारिश के सीजन में विनय द्वारा दर्जनों घरों से जहरीले सांपों को पकड़ते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर छोड़कर मानवीय जीवन को बचाने का कार्य किया गया है। गुरुवार को भी वीनू द्वारा नेशनल हाईवे के किनारे स्थित एलएण्डटी कंपनी के दफ्तर से कोबरा सांप को पकड़कर उसे जंगल में छोड़ा गया। खतरे से भरे इस काम के एवज में विनय दीक्षित द्वारा किसी से कोई राशि नहीं ली जाती है। ऐसे में नगर के प्रबुद्धजनों और समाजसेवी युवाओं ने मांग उठाई की विनय दीक्षित को नगर पालिका में मस्टर पर भर्ती किया जाए। जहरीले जंतु नगर के विभिन्न वार्डों, घरों, कॉलोनियों में कभी भी दाखिल हो जाया करते हैं ऐसे में नपा में जिम्मेदार कर्मचारी की नियुक्ति से मानवीय जीवन को बचाने में खासी मदद मिलेगी।

## शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

### सौहाद्रता के साथ त्योहार मनाने की भी अपील

**राजगढ़।** आगामी दिनों में कईं त्यौहार आने वाले हैं। ऐसे में विभिन्न धार्मिक त्यौहारों एवं सामाजिक आयोजनों में शांति, सौहाद्र एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जिला पुलिस के तत्वावधान में मुख्यालय के प्रमुख मार्गों से फ्लेग मार्च निकाला गया। एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में निकले इस फ्लेग मार्च में कोतवाली थाना स्टाफ सहित विशेष सशस्त्र बल, यातायात पुलिस एवं सायबर सेल टीम सहित महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी रही। कोतवाली परिसर से आरंभ हुआ फ्लेग मार्च मेन मार्केट, धार्मिक एवं सार्वजनिक चैक-चैराहों, भीड़भाड़ वाले एवं संवेदनशील स्थानों से गुजरते हुए पुनः थाने पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस ने आमजनों से संवाद करते हुए आगामी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने एवं अफवाहों से बचने का अनुरोध किया।

**पुलिस अधीक्षक ने दिया संदेशः** पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने थानाक्षेत्रों में सतत रूप से गश्त, फ्लेग मार्च, शांति समिति की बैठकों एवं आमजनों से संवाद करते हुए सद्भावना पूर्ण वातावरण बनाने हेतु सजग रहें। एसपी तोलानी ने आम जनमानस से अपील की है कि वे शांतिपूर्वक त्यौहार मनाएं एवं पुलिस का सहयोग करें।

## नपा के स्थाईकर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा सीएमओ को ज्ञापन

### स्थापना शाखा के बाबू व कम्प्यूटर ऑपरेटर पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन के नियमानुसार नगर पालिका में 30 विनियमित कर्मचारियों को काफी पहले स्थाईकर्मी किया गया था। इन सभी स्थाईकर्मियों को हर माह पूर्ण दिनों का ही वेतन प्रदाय किया जाना था लेकिन स्थापना शाखा के बाबू एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा प्रत्येक माह 4-5 दिन का वेतन मनमर्जी से काट दिया जाता है।

उक्त आरोप लगाते हुए मप्र नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले इन स्थाईकर्मियों ने गुरुवार दोपहर सीएमओ पवन अवस्थी से भेंट करते हुए उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि 1 जनवरी 2024 से अगले 10 महीने तक पीएफ की राशि काटी गई जिसकी कोई पावती उन्हें नहीं दी गई। कुछ समय बाद पीएफ काटना बंद कर दिया गया। नगर पालिका द्वारा किसी भी सफाईकर्मी के प्राण नंबर जनरेट नहीं बनाया गया है न ही एनपीएस चालू किया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि



स्थापना शाखा से कुछ ऐसे कर्मचारियों का वेतन भी जारी किया जा रहा है जिनका निकाय में बायोमेट्रिक नहीं होता न ही हाजिरी रजिस्टर में हाजरी दर्ज होती है एवं न ही वो कार्यालय में कार्य करते हैं। इसके बावजूद उनका वेतन बिना आपत्ति के निकाला जा रहा है।

### सभी का हो बायोमेट्रिक अन्यथा मशीन हटा दी जाए

*कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि नपा में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी, संविदाकर्मी, नियमित कर्मचारी सहित सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति होनी चाहिए अन्यथा मशीन को हटा दिया जाए। किसी कर्मचारी का वेतन रजिस्टर में उपस्थिति के आधार पर निकाला जा रहा है तो किसी का वेतन बायोमेट्रिक उपस्थिति के अनुसार निकाला जा रहा है। दो प्रक्रियाओं की बजाय एकसमान प्रक्रिया के तहत वेतन आहरित करवाया जाना चाहिए।*

## वाहन चेकिंग में पुलिस ने पकड़ी स्मैक, सप्लायर को भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचैर



मंगलवार रात को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटर सायकल सवारों से डेढ़ लाख रुपए की 15 ग्राम स्मैक जप्त की वही कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आरोपियों की निशानदेही पर स्मैक देने वाले कड़ियां सांसी निवासी शंकर सांसी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात लगभग 10बजे पुलिस बोडा रोड पर मोहनपुरा जोड़ के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी तभी एक बिना नंबर काली स्प्लेंडर मोटर सायकल सावर दो युवक सचिन नायक करौंदी, दिनेश वर्मा करौंदी को रोका ,युवकों पर संदेह होने पर चेकिंग की दो उनके पास से 15 ग्राम स्मैक निकली। जब थाने लाया गया ओर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने स्मैक कड़ियां निवासी शंकर सांसी से खरीदना बताया । पुलिस ने रात में ही घेराबंदी कर कड़िया से शकर सांसी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस शकर से भी पूछताछ कर आगे की चेनल खोजने की कोशिश कर रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी शकुन्तला बामनिया, एस आई राहुल सेंधव , ए एस आई सुरेश जाटव, अक्षय रघुवंशी, अरविंद गोयल, जगदीश मीना, नीलेश पंत की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### प्रयास कर रहे हैं

आरोपियों को पकड़ लिया और आगे की कड़ी भी जोड़ने का प्रयास कर रहे है।

**शकुंतला बामनिया,** थाना प्रभारी

## 'ठेकेदार कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने में असमर्थ, उनके टेंडर निरस्त किए जाएं'

### नपा सीएमओ ने ठेकेदारों के साथ बैठक की आयोजित

**सारंगपुर ।** बुधवार को नगर पालिका परिषद सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निर्माण कार्यों से जुड़े सभी ठेकेदारों की बैठक आहूत की बैठक में निकाय क्षेत्र अंतर्गत चल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं अमृत 2.0, कायाकल्प अभियान, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक निर्माण, मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना एवं सीएम मॉनिट आदि कार्यो की समीक्षा की तथा उपस्थिति ठेकेदार के द्वारा बताई गई समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वस्त किया। बैठक के दौरान सुश्री सुनेरे ने ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुश्री सुनेरे ने सभी ठेकेदारों से जनहित में कार्यों को प्राथमिकता से लेने और निर्माण प्रक्रियाओं में



पारदर्शिता बनाए रखने का भी आह्वान किया। बैठक में उन्होंने लोक निर्माण प्रभारी को निर्देश दिए कि जो ठेकेदार कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने में असमर्थ हैं या जिनके कार्यों की गुणवत्ता तय मानकों के तहत नहीं पाई जा रही है ,उनका टेंडर निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष की सभी लक्षित परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने एवं जिन परियोजनाओं पर कार्य अंतिम चरण में है उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

बार एसोसिएशन के चुनाव हुए संपन्न

## मंडलोई अध्यक्ष बने, सक्सेना उपाध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बार एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए। सुबह 11 बजे से मतदान प्रक्रिया की शुरुआत हुई, जो दोपहर 3 बजे तक चली। कुल 176 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 142 ही वैध मतदाता रहे, क्योंकि 34 वकीलों ने अभिभाषक शुल्क समय पर जमा नहीं किया था। इनमें से 138 वकीलों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

मतगणना का कार्य शाम 3:30 बजे से आरंभ हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ। एडव्होकेट पीएस मंडलोई को सर्वाधिक 75 मत प्राप्त हुए और वे विजयी घोषित हुए। उनके प्रतिद्वंदी अनिल दीक्षित को 53, राकेश पांडेय को 6, चंद्रकुमार जैन को 2 और



रघुवीरसिंह राजपूत को शून्य मत प्राप्त हुए। वही उपाध्यक्ष पद पर अमित सक्सेना और धीरज गुर्जर के बीच सीधी टक्कर रही, जिसमें सक्सेना ने 77 मत प्राप्त कर 17 मतों से विजय हासिल की। सचिव पद के लिए राकेश पच्चीसिया ने 79 मतों के साथ जीत दर्ज की, उनके प्रतिद्वंद्वी मुकेश यादव को 58 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर देवेंद्र कोहली को 80 और जितेंद्र मालवीय को 56 मत प्राप्त हुए, एक मत अमान्य रहा। इस तरह कोहली 24 मतों से विजयी रहे। इस बार सहसचिव पद पर मुकेश नागर और लाइब्रेरियन पद पर मलखान सिंह सिसोदिया निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिससे दोनों पदों पर सहजता से निर्वाचन हुआ। चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय ने शंखनाद कर मतदान की शुरुआत की। नवप्रवेशी और वरिष्ठ वकीलों ने मिलकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त किया।

चुनाव प्रक्रिया सेवानिवृत्त हो रहे बार अध्यक्ष ओपी गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुई, जबकि निर्वाचन अधिकारी रामबाबू नारोलिया एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय शर्मा ने अपनी भूमिका कुशलता से निभाई। चुनाव उपरांत निर्वाचन अधिकारी नारोलिया ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। यह चुनाव न केवल पेशेवर नेतृत्व के चयन का अवसर था, बल्कि अधिवक्ता समाज की एकता और लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक भी बना।

## खबर संक्षेप

### सोनी बने हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक



**आष्टा।** हिन्दू जागरण मंच का प्रांत अभ्यास वर्ग गंजबासौदा में रखा गया। कालू सोनी को हिन्दू जागरण मंच का जिला संयोजक बनाया गया। संयोजक बनने पर सोनी को सभी ने बधाई दी। बधाई देने वालों में दादू ठाकुर, रूपेश राठौर, कालू भट्ट, बीरबल उमठ, उमेश कुशवाहा, मनीष चोरसिया, तनीष अरोरा, अनमोल राठौर, गजेन्द्र मालवीय, भूरा सोनी, राम कुशवाहा सहित अन्य लोग शामिल है।

### ठाकुर प्रसाद वर्मा का निधन, दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** लंबे समय तक ग्राम पंचायत हराज खेड़ी के सरपंच एवम जनपद प्रतिनिधि रहे खाती समाज सीहोर के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद वर्मा का गत दिवस निधन हो गया। वे एक पखवाड़े से भोपाल के एक निजी अस्पताल में गंभीर अवस्था में ईलाज के लिए भर्ती थे। श्री प्रसाद की लगभग 71 वर्ष की आयु थी वे पूर्णरूपेण स्वस्थ एवम सक्रिय रहते थे उनके निधन से अंचल में शोक की लहर छा गई। ज्ञातव्य हो कि दिवंगत ठाकुर प्रसाद वर्मा कांग्रेस पार्टी में भी सक्रिय थे उनके निधन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ,वरिष्ठ पार्षद भैया मियां,डॉ ओ पी वर्मा, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारासिंह पटेल, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान , जितेंद्र शोभा खेड़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, रमेश चंद्र मुकाती, बी. एस. वर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह, चतर्भुज तोमर ,अर्जुनअजय,सुनील कटारा , सोहेल मिर्जा, सुनील सेठी , इदरीश मंसूरी ,सलीम अंसारी, राजेश यादव, गोरे मियां, नन्नू लाल कासन्या, विनीत सिंगी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को संवेदना प्रकट की है।

## भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे आष्टा, कार्यकर्ताओं से की चर्चा

# कार्यकर्ता ही हैं भाजपा की असली पूंजी हम सब परिवार के सदस्यः खंडेलवाल

### प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, बहादुरसिंह मुकाती का भी किया स्वागत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने गुरूवार को उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना कर उज्जैन से भोपाल लौटने पर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा, जिला प्राभारी बहादुरसिंह मुकाती के नेतृत्व में आष्टा, जावर, डोडी, कोठरी मंडल में स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किये गए। आष्टा में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया के नेतृत्व में बायपास पर भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह को प्रदेश अध्यक्ष जी ने संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आष्टा, जावर, डोडी, कोठरी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में बहुत सारे दल होते है। कई दल परिवार चलाते है। कई दल जात, समाज बेश चलाते है। भाजपा एक मात्र ऐसा दल है जो अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओ की ताकत से चलता है। कार्यकर्ता चाह ले तो हर चुनाव के परिणाम सकारात्मक आते है, अगर कार्यकर्ता में थोड़ा सा भी निराशा का भाव हो तो परिणाम सकारात्मक नही आ पाते है ।

भाजपा के हम सब कार्यकर्ता एक परिवार की तरह है। प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल ने कहा की भाजपा का कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पूंजी है। सब कार्यकर्ता उत्साह से रहे,एक रहे,अनुशासन में रहे और अपनी क्षमता का उपयोग पार्टी को मजबूत करने में करे। मातृशक्ति का सम्मान करें। हम सब मिल कर कार्य करेंगे भाजपा एक पार्टी नही,एक परिवार है। मेरा पूरा प्रयास होगा की पार्टी के हर कार्यकर्ता का सम्मान होगा,आदर होगा,सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर कार्य करेंगे। हर कार्यकर्ता की बात सुनने,उनसे मिलने का प्रयास करूंगा। हम सब का कर्तव्य है कि पार्टी को ओर मजबूत बनाने की दिशा में हम सब मिल कर कार्य करे ओर एक नया इतिहास रचे । हमारी पार्टी आज भी बुलंदियों पर है,इसे हम सब को मिल कर ओर आगे ले जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम दुनिया के सिरमौर बनने जा रहे है,हमारे प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है । सरकार के कार्य,योजनाओं को जनता तक,घर घर पहुचाना हम सब कार्यकर्ताओ का दायित्व है। कल निर्वाचित होने के बाद आज उज्जैन जा कर कार्य शुरू करने के पहले बाबा महांकाल के दर्शन और आशीर्वाद लेने उज्जैन पहुचा था। खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता देश की अखंडता व आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को और मजबूत बनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्योग व रोजगार की नई परंपरा विकसित कर मध्यप्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाकर विकसित बना रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ के रूप में प्रारंभ हुई भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर संगठन का रूप ले चुकी है। मैं जब पार्टी अध्यक्ष बना तब मेरे मन में था कि अपने काम की शुरुआत मैं बाबा महाकाल के चरणों में प्रणाम करते हुए शुरू करूं। जब भगवान महाकाल के दर्शन करने आऊंगा तो उनके भक्तों के बीच नहीं आऊंगा तो यह यात्रा अधूरी रह जाती। बाबा महाकाल की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा कर रही है।

प्रधानमंत्री जी ने देश के विकास को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में उद्योग से लेकर रोजगार की एक नई परंपरा विकसित कर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। यह सब भगवान महाकाल और जनता के आशीर्वाद से संभव हुआ है। मैं और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सत्ता और संगठन में संतुलन बनाकर डबल इंजन सरकार के जनहितैषी कार्यो से जनता को लाभ दिलाकर प्रदेश को विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम, प्रतिबद्धता से ही भाजपा को लंबे समय से जनता की सेवा करने का अवसर मिला। हम सब कार्यकर्ता एक माला के मोती हैं। हमें कार्यकर्ताओं के सम्मान को बरकरार रखने के साथ मध्यप्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करने हैं। प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन महामंत्री हितानन्द जी शर्मा भी उपस्तिथ थे।

प्रदेश भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष के सीहोर जिले में आगमन पर जावर जोड़,आष्टा में बायपास पर,कोठरी मेन रोड पर आयोजित स्वागत सम्मान समारोह रखे गये थे। सीहोर जिले की सीमा में प्रवेश के बाद प्रदेश अध्यक्ष जी का जावर,डोडी,आष्टा कोठरी मंडलो में सभी मंडल अध्यक्षो ने मंच बना कर स्वागत,सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किये। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,जिला भाजपा के प्राभारी बहादुरसिंह मुकाती,विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, नपा अध्यक्ष मती हेमकुंवर मेवाडा,अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,मानसिंह ठाकुर,नगीनचंद्र जैन,अतुल शर्मा, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर, कालू भट्ट, राजेन्द्र केशव, विजेंदर ठाकुर, सुनील आर्य, नरेन्द्र ठाकुर, धनरुपमल जैन, मोहित सोनी, सुमित मेहता, रवि शर्मा, अर्जुन ठाकुर, डॉ सलीम, कमलेश जैन, कल्लु मुकाती, प्रवेश शर्मा, मनोज ताम्रकार, देवकरण पहलवान, राजा मालवीय, बाबू देव्वाल, विष्णु परमार, महेन्द्र ठाकुर, सुरेश परमार, गुरुचरण परमार, दुलीचन्द कुशवाह, राकेश प्रजापति, मनीष धारवा, दिनेश सोलंकी, भगवत मेवाडा, अरशद अली, तेजसिंह राठौर, कन्हैया गेहलोत, महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष ऋतु आनन्द जैन, डॉ चंदा वोहरा, तारा कटारिया, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, प्रिया नीलेश खंडेलवाल, संध्या बजाज, गिरजा कुशवाह, चंदनबाला वोहरा, लता मुकाती, संध्या देवांग, निर्मला कुशवाह, नीलिमा बैरागी, मंजू राठौर, भगवती सोनी, पिंकी सोनी सहित सभी जिला भाजपा के पदाधिकारी, सभी मंडलो के अध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर बैठक में की चर्चा

### अधिकारियों ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बाला गुरु के की अध्यक्षता और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव खत्री की उपस्थिति में कलेक्टर सभागृह में पूर्व सैनिक वीर नारियों की बैठक संपन्न हुई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विभिन्न राजस्व, चिकित्सा सुविधा, पेंशन और प्रशासनिक क्षेत्र की समस्याओं के आवेदन लेकर समस्याओं पर चर्चा की। एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी म.प्र द्वारा दिवंगत सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का निवेदन किया। जिस पर नियम अनुसार कार्रवाई करने का विश्वास व्यक्तकिया गया1एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष संतोष शर्मा के संयोजन में कलेक्टर महोदय एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी महोदय को पुष्प पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन करते हुए सोसाइटी की मप्र सैनिक कल्याण पत्रिका, भारतीय सैनिक और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बैठक के पश्चात शहीद सैनिकों की स्मृति में कलेक्टर परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

सैनिक कल्याण की बैठक में मुख्य रूप से वीरनारियां, पूर्व जिला कल्याण संयोजक सूबेदार कृष्ण मुरारी शर्मा, मोहन सिंह चंद्र, सैनिक कल्याण कार्यालय प्रभारी महेश विश्वकर्मा, जिला सह प्रभारी मुकेश पेठरिया, जिला संयोजक सूबेदार मेजर एचएन वर्मा, आष्टा से सूबेदार मोहर सिंह मेवाडा, सूबेदार ज्ञान सिंह, हवलदार राकेश कुमार मेवाड़ा, मुकेश इटावदिया पटवारी, कृष्णा मेवाड़ा, बलराम सिंह वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, एवं बुधनी, भेरूंदा, इछावर, जावर सहित पूरे जिले से 100 से अधिक पूर्व सैनिक और वीर नारी बैठक में उपस्थित रहे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को आष्टा प्रवास हेतु निवेदन किया गया।

### फल सब्जी मंडी के व्यापारियों ने त्यौहारों को लेकर अवकाश रखने रखी मांग



**आष्टा।** बीते दिवस उन्नतशील फल सब्जी मंडी व्यापारी संगठन अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह द्वारा जानकारी दी गई की, 6 जुलाई 2025 को मोहर्रम ताजिया त्योहार अन्य जगह मनाया जाएगा। लेकिन आस्था नगर में परंपरा अनुसार मोहर्रम ताजिया हमेशा से एक दिन पश्चात मनाया जाता है जिसको लेकर, फल सब्जी मंडी व्यापारियों द्वारा मंडी सचिव महोदय को लेटर पैड पर लिखित में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि नगर में मोहर्रम ताजिया दिनांक 7 जुलाई 2025 को मनाया जाएगा, जिसको लेकर हम सब व्यापारी गण लहसुन प्याज नीलामी में भाग नहीं ले पाएंगे, इस हेतु 7 जुलाई 2025 को फल सब्जी मंडी का अवकाश रखने का कष्ट करें एवं सभी किसान भाइयों को ध्वनि यंत्र के माध्यम से सूचना देने का कष्ट करें।

# पूजा-पाठ कर जीर्णोद्धारित शीतला माता मंदिर में माता रानी की प्रतिमा का कराया स्थान परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर का जीर्णोद्धार निर्माण कार्य विगत कई दिनों से निरंतर माता शीतला की कृपा दृष्टि व भक्तों के सेवा संकल्प में किया जा रहा हैं। ज्ञात रहे यह मातारानी का मंदिर सम्पूर्ण आष्टा क्षेत्र में अतिप्राचीन एवं भक्तों की श्रद्धा का केंद्र हैं। इस मंदिर में पूर्व में स्थापित मूर्तियों का स्थान परिवर्तन कराकर मंदिर का कार्य निर्माणाधीन हैं, किंतु पुनः मंदिर में मातारानी के गर्भगृह के निर्माण को गतिमान होने के कारण मूर्तियों के चल स्वरूप को वैकल्पिकरूप में नवनिर्मित भवन में स्थापित किया।

इस हेतु आज गुप्त नवरात्रि के पावन दिवस भड़लिया नवमी पर मातारानी का देवीसूक्त मंत्रों से वैदिक पूजन कर महाअभिषेक विधि विधान के साथ नगरपुरोहित पं मनीष पाठक एवं डॉ पं दीपेश पाठक के मार्गदर्शन में समिति के अध्यक्ष दिनेश जी सोनी ने सपत्निक सहित समस्त समिति सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न किया। पश्चात आरती कर मातारानी के जयघोष कर ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य आदि कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शीतला माता मंदिर पुजारी प्रेमनारायण जी मालवीय, शीतला माता मंदिर समिति के सदस्य गोविंद सोनी, विनोद जसाठी, जितेंद्र सोनी, प्रमोद शर्मा, मनोज पाठक, लाली मोटवानी, सुधीर जोशी, हरिओम सोनी (पटेल), राजेन्द्र साहू, मनीष नागौरी, जगदीश राठौर, राकेश सोनी, प्रकाश मेहलवार,अशोक साहू, रूपेश सोनी, मनोज दादलानी, संदीप जैन, राजेश जैन, राज सोनी, देवानंद भोजवानी, अनिल रेकवाल एवं नगरवासी सहित माताएं-बहने उपस्थित रही।

# गर्भवती मां धर्म पर श्रद्धा करेंगी तो होने वाला बच्चा भी धार्मिक संस्कार युक्त होगाः मुनिश्री निर्णय सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पाठशाला प्रेरक मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने श्री नेमिनाथ जिनालय नेमिनगर में आशीष वचन देते हुए कहां सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र मोक्ष का मार्ग है,इन तीनों के बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं। तत्त्वार्थ पर श्रद्धान करने को सम्यक दर्शन है।

प्रतिदिन स्वाध्याय करोंगे तो ज्ञान बढ़ेगा। गर्भवती मां धर्म पर श्रद्धा करेंगी तो होने वाला बच्चा भी धार्मिक संस्कार युक्त होगा। व्यक्ति को दान अवश्य करना चाहिए। संसार में सबसे बड़ा अंधकार क्या है,सबसे बड़ी अग्नि क्या है,सबसे बड़ा जहर साईनाइट से बड़ा क्या है मिथ्यात्व है। फालतू बिजली नहीं जलाना चाहिए।पाप बहुत कर रहे हो,जितनी सुविधाएं उतना ही अधिक पाप होता है। हाथों से काम करने पर कम पाप होगा। तत्त्वार्थ और देव, शास्त्र एवं गुरु पर श्रद्धान करें। पाठशाला से जुड़े, हिमालय से प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान मोक्ष गए।मिथ्यात्व का त्याग करने से सम्यकदर्शन की प्राप्ति होती है। आजकल महिलाएं मोबाइल पर सीरियल,पब्जी आदि गर्भ अवस्था में भी देखती है, इसीलिए बच्चों को मोबाइल की आदत बाल्यकाल से ही प्रारंभ हो जाती है। अपने घर को स्वर्ग और सुंदर बनाना है तथा बच्चे को भगवान बनाना है तो धर्म व नियमों का पालन करना चाहिए। राजा स्वाध्याय शील था। देवदर्शन करने से पापों का क्षय होता है इसलिए देव दर्शन नित्य करें। भगवान के दर्शन करने वाले को ही आत्म कल्याण होता है और वही सच्चे देव,शास्त्र और गुरु पर श्रद्धान करता है।जीवों की रक्षा करना चाहिए,कम से कम वाहन का उपयोग करें। मंदिर तो पैदल आना चाहिए। मुनियों का ही नहीं श्रावकों का भी चातुर्मास होता है। पाठशाला आने से धर्म ज्ञान बढ़ेगा।

सभी में मुनि बनने के भाव होना चाहिए, प्रतिदिन जिनवाणी श्रवण कर पुण्य बढ़ाने का काम करने का संकल्प लें। मुनिश्री निर्णय सागर जी ने कहा संस्कार लेने पर बच्चा आपको बुढ़ापे में पानी पिलाएगा और अंतिम समय में णमोकार महामंत्र सुनायेगा।संस्कार की महिमा है।शेर का बच्चा अपने पेट को भरने के लिए प्रशिक्षण नहीं लेता है। उसी प्रकार संस्कारवान बच्चों को प्रशिक्षण नहीं चाहिए। बच्चों को सच्ची राह दिखाएं और पाठशाला अवश्य भेजें।

### एसपी-एएसपी के मार्गदर्शन में थाना परिसर में हरियाली महोत्सव के तहत किया पौधरोपण

# पुलिस कर्मचारियों ने थाना परिसर में लगाए कई प्रजाति के पौधे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

थाना परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए जिसमें नेम,पीपल ,आम, शीशम, अमरूद, कटहल, बरगद, आंवला, सहतूस सहित विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पौधे लगाए गए।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, अनु विभाग अधिकारी व अनुभाग आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सिद्धिगंज पुलिस द्वारा हरियाली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे सभी के द्वारा पौधे लगाए गए। वहीं थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि अपने जीवन में सभी को पौधे लगाना चाहिए पौधे हमारे लिए एक वरदान है पौधे के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है पौधे से हमें जीवन दाहिनी ऑक्सीजन प्राप्त होती है। यदि पौधे नहीं रहे तो हमारा जीवन संभव नहीं है। हमारे जीवन में पौधे का बहुत महत्व है।

यदि पौधे नहीं रहे तो हमारा जीवन भी नहीं रहेगा। यदि पौधे जीवित रहेंगे तो हम और सभी जीव जंतु जीवित रहेंगे। इसीलिए हमें पौधे लगाना चाहिए और पौधे की सुरक्षा करनी चाहिए।

पौधे से हमें अत्यधिक लाभ होता है, पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन फल फूल लकड़ी अत्यधिक सामग्री पेड़ पौधों से ही हमें मिलती है। पेड़ पौधे हेतु हमारा जीवन है इसीलिए पेड़ पौधे को काटने से सभी को बचाना है और अत्यधिक मात्रा में पौधे लगाना है। पेड़ पौधे काटने के कारण वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी होती जा रही है और कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य गैसों की मात्रा बढ़ती जा रही है। जिसके कारण प्रकृति में परिवर्तन देखा जा रहा है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को अत्यधिक मात्रा में पौधे लगाना पड़ेगा। पेड़ पौधे रहेंगे तो हमारा जीवन रहेगा।

थाना परिसर में किए गए पौधरोपण अभियान के दौरान थाना प्रभारी राजू बघेल, पुलिस स्टाफ सहित महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्दीकगंज, लक्ष्मी नारायण वर्मा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, पंकज बगाना, दिनेश पटवा, अरुण श्रीवास्तव, माखन चौहान, संतोष करोरिया, गोल्डी श्रीवास्तव, भरत राठौर, देवेंद्र बागवान, राहुल भाटी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नगर में होगा मुनि अक्षय सागर महाराज ससंघ का वर्षा योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिगंबर जैन संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ससंघ का पावन वर्षा योग के सानिध्य का सौभाग्य सीहोर के धर्म प्रेमी बंधुओं को प्राप्त हुआ है। इस सुनहरे अवसर पावन चातुर्मास पर्व पर धर्म लाभ अर्जित करने का लंबे समय से प्रतिक्षारत सकल जैन समाज के अटूट विश्वास आग्रह को आशीर्वाद प्राप्त हुआ । सकल जैन समाज के बार बार आग्रह पर आचार्य गुरुदेव समय सागर जी महाराज साहब ने संघ के वरिष्ठ संत परम पूज्य मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज और एलक श्री उपशम सागर जी महाराज साहब ससंघ का वर्षा योग का सौभाग्य सिद्धपुर नगरी सीहोर वासियों को प्राप्त हुआ। ज्ञातव्य है कि मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज साहब ससंघ के सानिध्य में मध्य प्रदेश के बरेली में पंच कल्याणक महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ चल रहा था जहां सकल जैन समाज के भारी संख्या में श्रावक श्राविकाओ ने आग्रह कर सीहोर के लिए मंगल बिहार में पद यात्रा में शामिल होकर सीहोर हेतु समाज के वरिष्ठ, महिला मंडल, युवक-युवतीया पिछले एक सप्ताह से पद यात्रा करते हुए सीहोर आ रहें है। मंगल बिहार मुनिश्री सेवा समिति, महिला मंडल, वर्धमान युवा मंडल, वीर सेवा दल के युवक दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति सदस्य एवं महामंत्री मुनि श्री सेवा समिति, मंगल बिहार संघ के प्रभारी शअशोक कुमार जैन के निर्देशन में मंगल विहार पद यात्रा सफलता से करते हुए सिद्धपुर नगरी सीहोर में 6 जुलाई को दोपहर दो बजे श्रीं चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित ब्रह्मपुरी में मंगल प्रवेश पर श्रावक श्राविकाएं भक्ति भाव से ओतप्रोत आगवानी करेगे पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर। ससंघ को शोभायात्रा के साथ जैन मंदिर स्थित छावनी पहुंचेंगे।